
# भागवत ने की अभियान की शुरुआत

## शताब्दी वर्ष के गणेश में संघ प्रमुख ने लिया मां शारदा का आशीर्वाद

**सतना, 4 अक्टूबर. दो दिवसीय प्रवास पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार की सुबह मैहर पहुचे. विजयादशमी पर मुख्यालय नागपुर में आयोजित सदी वर्ष समारोह को सम्बोधित करने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा में विन्ध्य पहुंचे संघ प्रमुख ने मैहर में मां शारदा धाम पहुंच मां के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया.**



इसी के साथ उन्होंने वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमों का श्रीगणेश किया. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक भागवत को नागपुर के समीपी रेलवे स्टेशन इतवारी से शुक्रवार की शाम को यात्रा प्रारम्भ कर सुबह मैहर पहुंचना था. बताया गया है कि संघ प्रमुख रोपवे से ऊपर मंदिर पहुचे जहां मां शारदा पीठ के प्रधान पुजारी पवन महाराज ने पूजा अर्चना कराई. इस दौरान मंदिर में प्रवेश की किसी को अनुमति नहीं दी गई.स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि के तौर पर कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह मौजूद रहे.करीब बीस मिनट मंदिर परिसर में रहने के बाद डां भागवत वापस नीचे आए.इसके बाद अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सतना के लिए रवाना हो गए.

संघ प्रमुख का काफिला एक घन्टे की यात्रा के बाद करीब साढ़े 11 बजे पतौरा स्थित चतुर्वेदी निवास पहुंचा.जहां उनकी अगुवानी संघ के महाकौशल प्रांत के प्रचार बृजकांत और उनके भाई गेंदिका प्रसाद ने की.यात्रा के दौरान उनके साथ उनके निज सचिव के अलावा कोई नहीं था.

अनाधिकृत तौर पर मिली जानकारी के अनुसार सरसंघ चालक ने शाम चार के बाद प्रांत के सभी जिलों से आए विस्तारक व प्रचारकों से संवाद किया. युवा स्वयं सेवकों के संवाद कार्यक्रम में शताब्दी वर्ष के लिए तय किए पंच कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा संघ ने अपने सौ वर्ष की यात्रा में जिन लक्ष्यों को तय किया था वह अभी पूरे नहीं हुए है .समाज जीवन में अभी भी बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं,जिनमें काम करना बाकी है . उन्होने स्वयं सेवकों से आहवान किया कि वे जहां भी काम कर रहे है वहां के लोगों का जीवन स्तर कैसे बेहतर हो सकता है .

# बलियरी में अमोनिया नाईट्रेट गैस लीक होने का है अंदेशा


**सिंगरौली 4 अक्टूबर.** बैढ़न के गनियारी एवं बलियरी में इन दिनों अजीब तरीके के बदबू से त्रस्त हो चुके हैं. चर्चा है कि बलियरी स्थित किसी ब्लॉस्टेक कंपनी से अमोनिया नाईट्रेट गैस लीक होने से ऐसी स्थिति आये दिन निर्मित होती रहती है. फिर भी स्थानीय प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण अमला बेसूध है. दरअसल पिछले चार महीनों बीच-बीच में बैढ़न के बलियरी एवं गनियारी में अजीब तरीके से बदबू सुबह से लेकर दोपहर तक बनी रहती है. शनिवार सुबह इसी तरह की अजीब बदबू गनियारी चौरा टोला समेत बलियरी में आ गई थी. जहां लोग बताते हैं कि आये दिन अमोनिया नाईट्रेट गैस के चलते इस तरह की स्थिति निर्मित होती है.

# रीवा से दिल्ली, मुंबई की फ्लाइट शुरू होगी

**▸ विंध्यासियों के लिए महानगरों से होगी कनेक्टिविटी**

**रीवा, 4 अक्टूबर. विंध्य क्षेत्र के लोगो के लिये अच्छी खबर है. अब रीवा से दिल्ली, और रीवा से इंदौर होकर नवी मुंबई जाने वाली फ्लाइट को हरी झंडी मिल गई है. इससे इन शहरों के बीच हवाई सफर बेहद आसान होगा.**

हवाई यातायात में 26 अक्टूबर 2025 से 28 मार्च 2026 तक लागू होने वाले विंटर शेड्यूल में रीवा से दिल्ली व मुंबई फ्लाइट का भी जिक्र है. हाल ही में इंडिगो एयरलाइंस स्टेशन प्रबंधक ने रीवा एयरपोर्ट का निरीक्षण अपनी टीम के साथ किया था. इंडिगो एयरलाइंस का स्टेशन खुलेगा. यह सब संभव हुआ डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला के अथक प्रयासों से




इंदौर से मिलने वाली 12 बड़े शहरों की कनेक्टिंग फ्लाइट का सीधा सा मतलब यह है कि रीवा हवाई मार्ग के जरिए पूरे देश से जल्दी ही जुड़ जाएगा. मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि अब रीवा से 72 सीटर हवाई जहाज उडने लगेंगे.उन्हाने बताया कि एयर इंडिया और इंडिगो जैसी कंपनियां रीवा से अपनी हवाई सेवाएं शुरू करेंगी. रीवा से इंदौर होकर नवी मुंबई जाने वाली फ्लाइट के साथ ही, रीवा से दिल्ली हफ्ते में उड़ान की सुविधा भी मिलेगी. इसके बाद इस फ्लाइट के रिस्पॉन्स के हिसाब से इसका समय बढ़ाया जाएगा.

**▸ उद्योग में क्रांति आएगी**

इस फ्लाइट के चालू होने से रीवा में पर्यटन उद्योग में क्रांति आ जाएगी. रीवा में घूमने के लिए बहुत सारी जगहें हैं, लेकिन फ्लाइट ना होने की वजह से पर्यटक नहीं आ पाते थे . अब रीवा में दुनिया के एकमात्र व्हाइट टाइगर सफारी, महामृत्युंजय का मंदिर, भैरव बाबा का मंदिर, और कई खूबसूरत प्रपात जैसे आकर्षण केंद्र बाहरी लोगों के लिए सुलभ हो जाएंगे . प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में नया विंटर शेड्यूल लागू होने के बाद यात्रियों को सुविधाओं में और इजाफा होगा . 26 अक्टूबर से 28 मार्च तक विंटर शेड्यूल लागू रहेगा . 8 अक्टूबर के बाद नई उड़ान नवी मुंबई के लिए प्रारंभ होगी . इसके साथ ही इंदौर से कनेक्टिंग फ्लाइट रीवा से जाने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध होगी .

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत


**नीमच.** नीमच-मनासा मार्ग पर रेवली-देवली गांव के पास शुक्रवार रात सड़क हादसे में सुनील मेघवाल (35) की मौत हो गई. वह जीरन थाना क्षेत्र के कालीकोटड़ी का निवासी था. जानकारी के अनुसार युवक रात करीब 11 बजे मोटरसाइकिल से जा रहा था. रेवली-देवली के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक काफी दूर जा गिरी. सुनील ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई. जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. घायल सुनील को टेंपो से जिला अस्पताल पहुंचाया गया. हालांकि, इलाज के दौरान शनिवार सुबह दम तोड़ दिया.

# एसबीसी का चुनाव लड़ना पांच गुना महंगा

**▸ 25 हजार की जगह अब देना होगा 1 .25 लाख का शुल्क**

**जबलपुर, 4 अक्टूबर. स्टेट बार काउंसिल का चुनाव लड़ना अब आसान नहीं है। बीसीआई ने एक आदेश के जरिए नामांकन शुल्क में सीधे पांच गुना बढ़ोत्तरी कर दी है, जो कि रिफंडवेल भी नहीं है. जिससे प्रत्याशियों में खासा रोष है. जिसकों लेकर विरोध के स्वर भी उठ रहे है.**

पहले एसबीसी का चुनाव लडने के लिये नामांकन फीस पच्चीस हजार रुपये थी, जिसे बढ़ाकर एक लाख पच्चीस हजार रुपये कर दिया गया है. इतना ही नहीं उक्त राशि अब वापस भी नहीं होगी. बताया जा रहा है कि सुप्रीम



कोर्ट ने 24 सितंबर को एक आदेश जारी करके स्टेट बार काउंसिल के चुनावों के लिए सात सदस्यीय चुनाव समितियां गठित करके 31 जनवरी 2026 तक सभी चुनाव कराने के निर्देश बार काउंसिल ऑफ इण्डिया को दिए थे. सुको के इसी आदेश के बाद बार काउंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा मप्र स्टेट बार काउंसिल को एक पत्र भेजा है. पत्र में कहा गया है कि लॉ ग्रेजुएट्स के नामांकन के लिए पहले फीस 16 हजार रुपए थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने घटाकर 6 सौ रुपए कर दी है. स्टेट बार काउंसिल की आय घटने के कारण अब स्टेट बार काउंसिल के पास चुनावी खर्च के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं बच रही. इसके लिए जरूरी है कि नामांकन की फीस 25 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार रुपए की जाए. मप्र स्टेट बार काउंसिल की मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल अगले माह पूरा होने जा रहा है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में जनवरी 2026 तक नई कार्यकारिणी के चुनाव कराये जाने है. आगामी कार्यकारिणी को लेकर चुनाव की तैयारी कर रहे प्रत्याशियों ने जहां नामांकन शुल्क बढ़ाये जाने पर रोष व्यक्त किया है तो वहीं अपनी जोर अजमाईश भी शुरु कर दी है.

# अंतरराज्यीय गैंग के सदस्य मुम्बई-कानपुर से गिरफ्तार

**▸ कांग्रेस नेता की दुकान पर हुई चोरी का किया पर्दाफ़ाश**

**नीमच, 4 अक्टूबर. नीमच कैंट थाना क्षेत्र में चोपदार पेंट्स एंड हार्डवेयर पर आधी रात को हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के तीन बदमाशों को महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता हासील की है .**

आरोपियों से चोरी गई नगदी में से 10 हजार रुपये तथा वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की गई है. अच्छी बात यह है कि थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान एवं सायबर सेल प्रभारी प्रधान



आरक्षक प्रदीप शिंदे के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस प्रकरण में उत्कृष्ट समन्वय व त्वरित कार्यवाही करते हुए महज कुछ ही दिनों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन में नीमच पुलिस ने यह बड़ी सफलता अर्जित की है.

विदीत है कि दिनांक 24 सितंबर 2025 को फरियादी नदीम खान पिता बाबू सलीम निवासी महावीर नगर नीमच की सिंधी कॉलोनी रोड स्थित चौपदार पेंट्स एंड हार्डवेयर दुकान में शटर उचका कर चोर अन्दर घुसे थे और हाथ साफ़ कर दिया था . दूकान मालिक रात लगभग 10:30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे. सुबह 4:30 बजे अखबार वितरण करने वाले भरत दांगी ने देखा की दूकान का शटर आधा उठा हुआ है. सुचना पर फरियादी मौके पर पहुंचे तो देखा कि केश काउंटर की दराज टूटी हुई थी .

# मंदिर के आसपास से हटाया अतिक्रमण

**कुर्सी लगाकर बैठे विधायक तब जाकर हुई कार्रवाई**

**मीट, मटन और अंडे की दुकान लगा रखी थी**

**रीवा, 4 अक्टूबर, हनुमना नगर परिषद ने एक बार फिर महाविद्यालय एवं परदेश्वर मंदिर के आसपास किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की.**

पूर्व में नोटिस दी गई थी और अतिक्रमण भी हटाया गया था. लेकिन पुन: अतिक्रमण कर लिया गया था. स्थानीय विधायक के सख्त रवैये के बाद प्रशासन ने एक बार फिर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की. हनुमान नगर स्थित परदेश्वर मंदिर के पास तकरीबन आधा दर्जन मीट मटन मच्छी अंडे मुर्गी की दुकान बार-बार हटाए जाने के बावजूद पुन: वहां दुकान लगा ली जाती थी. जिससे लोगों में जहां आक्रोश रहा वहीं शनिवार को मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने इसे गंभीरता से लेते हुए सुबह 11 से 12 के बीच स्वयं वहां अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर कुर्सी लगाकर बैठ गए और मौके पर तहसीलदार, नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन को फोन कर बुलवाया और कॉलेज एवं मंदिर के आसपास किये गये अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए.

परदेश्वर मंदिर जैसे हिंदुओं के आस्था के केंद्र के अगल-बगल की मीट मछली की दुकानो को जब तक नहीं हटाया जाएगा तब तक यहां से हम लोग नहीं हटेंगे और फिर क्या था तहसीलदार शिवम गौतम, नगर परिषद मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरुण त्यागी तथा थाना प्रभारी अनिल काकडे दलबल के साथ जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर लेकर पहुंच गए और 1 से 3 के बीच सभी दुकानो को हटा दिया गया. इस बारे में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण त्यागी ने बताया कि कई बार अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिय गया तथा अतिक्रमण भी कई बार हटाए गए लेकिन पुन: दुकान वहां खोल लेते हैं.

# साध्वियों से मारपीट पर ग्रामीणों का फूटा जमकर आक्रोश

**शिवपुरी, 4 अक्टूबर. जिले के नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम ख्यावदा में साध्वियों और आचार्यों के साथ हुई मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है.**

पुलिस द्वारा दर्ज की गई क्रॉस एफआईआर से ग्रामीणों में आक्रोश है. बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर साध्वियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने और हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की. ग्रामीणों ने बताया कि साध्वी राधिकादास गुरु रामचरणदास (निवासी बेलबनगांव आश्रम वृंदावन जिला मथुरा), साध्वी दुर्गादेवी पुत्री गोविंद प्रसाद गौतम, नारायण प्रसाद आचार्य और साध्वी लक्ष्मीदेवी ग्राम ख्यावदा के हनुमान मंदिर पर पूजा कर रहे थे. इसी दौरान गांव की राजकुमारी परिहार, उसका बेटा राजू परिहार और अरविंद परिहार वहां पहुंचे. आरोप है कि इन लोगों ने पहले माइक बंद करवाया और फिर साध्वियों व आचार्य को गालियां दीं. जब साध्वी दुर्गादेवी ने विरोध किया तो राजू परिहार और अरविंद परिहार ने उनके साथ मारपीट की, बाल पकड़कर घसीटा और पेट व सीने पर लातें मारीं. साध्वी राधिकादास जब बीच-बचाव करने पहुंचीं तो राजकुमारी परिहार ने उनके बाल पकड़कर मुंह पर मुक्का मार दिया.

# आरएसएस से जुड़े होने पर मुझे गर्व : तोमर

**विधानसभा अध्यक्ष ने जबलपुर प्रवास पर भाजपा नेताओं से की मुलाकात**

**जबलपुर, 4 अक्टूबर. मुझे गर्व है कि मैं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का सेवक हूं क्योंकि देश के सशक्त निर्माण में संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है.**

ये बातें विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने जबलपुर प्रवास के दौरान कहीं. मौका था पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा का...इस मौके पर श्री तोमर ने ये भी कहा कि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की 100 वर्षों की सफल यात्रा को पूर्ण हो रही है. हम सभी जानते हैं कि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ



सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन है. जिसने बड़ी तादाद में योग्य कार्यकर्ताओं को खड़ा करके समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व के लिए आगे किया है. चर्चा के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने भाजपा नेताओं से मुलाकात की. इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक अभिलाष पांडे, अशोक रोहाणी, नीरज सिंह लोधी, सुशील इंदु तिवारी पूर्व विधायक अंचल सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

# डम्पर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**सिवनी, 4 अक्टूबर. जिले के लखनवाड़ा थाना अंतर्गत रात्रि के समय एक तेज रफ्तार डम्पर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया जिसके बाद गुस्साए कुछ लोगों ने डम्पर पर आग लगा दी.**

जानकारी के अनुसार एक बाइक में 2 लोग सवार होकर सिवनी तरफ से बगदरी जा रहे थे जब वह जाम ग्राम के समीप पहुंचे तो डम्पर और बाइक में भिंडन्त हो गई इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और एक घायल हो गया. घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. इस हादसे से नाराज कुछ लोगो ने डम्पर पर आग लगा दी. मृतक की पहचान विकास पिता प्रेम नारायण उइके उम्र 18 वर्ष और घायल की पहचान संदीप उइके पिता प्रेम चंद उइके उम्र 15 वर्ष निवासी बगदरी के रूप में हुई है.

सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन ट्रक धू-धू करके जल गया. पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा कैसे हुआ, और ट्रक ड्राइवर की तलाश की है रही है.

# नीमच बायपास बना तस्करों का 'हाईवे'

## दो दिन में तीन बड़ी कार्रवाई, करोड़ों रुपए की शराब व मादक पदार्थ जब्त



**मंदसौर, 4 अक्टूबर. जिले में नशे और अवैध शराब की तस्करी पर लगातार हो रही बड़ी कार्रवाइयों ने मंदसौर-नीमच बायपास को तस्करों का हाईवे बना दिया है.**

पिछले दो दिनों में ही नाहरगढ़, पिपलियामंडी और नईआबादी पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में 1.10 करोड़ रुपये की अंग्रेजी शराब, 100 किलो डोडाचूरा और अल्प्राजोलम सहित करीब 1.5 करोड़ का अवैध माल जब्त किया है.नाहरगढ़ पुलिस ने बासमती चावल की फर्जी बिल्टी पर ट्रक में लाई जा रही शराब की बड़ी खेप पकड़ी है.

नईआबादी पुलिस ने बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली से 100 किलो डोडाचूरा जब्त कर दो तस्करों को दबोचा . लगातार मिल रही कामयाबियों के बावजूद सवाल यह है कि तस्करी के इन नेटवर्क की जड़ें कब तक अछूती रहेंगी ? जिले की भौगोलिक स्थिति और बायपास का खुला मार्ग तस्करों के लिए आसान रास्ता बन गया है . बड़ी गाड़ियों की जांच सीमित होने से मार्ग तस्करी का प्रमुख ट्रांजिट पॉइंट बन चुका है .पुलिस का कहना है कि केवल पकड़ पर नहीं, बल्कि गिरोहों की सप्लाई चेन और आर्थिक तंत्र को तोड़ने पर फोकस किया जाएगा .

# बिना अनुमति स्पा में स्टाफ भर्ती पर कार्रवाई

**इंदौर.** विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित प्री आयुर्वेदिक थाई स्पा पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मैनेजर को न्यायालय आदेश उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस को सूचना मिली थी कि स्पा संचालक ने कई कर्मचारियों को काम पर रखा है, लेकिन इसकी जानकारी न तो थाने को दी गई और न ही निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया.बीट दौरा करने के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस और स्पा से कर्मचारी नेहा, खुशी, रोशनी व लड्डू को थाने लेकर आई. जांच में पाया गया कि 36 वर्षीय मैनेजर मनीष राजपूत, निवासी ग्वालियर हाल मुकाम बाणगंगा, ने न्यायालय पुलिस आयुक्त के आदेश का उल्लंघन किया है.

# मुख्यमंत्री यादव के आगमन की तैयारियां जोरों पर



**▸ जनप्रतिनिधियों व कलेक्टर ने लिया जायजा**

**जबलपुर, 4 अक्टूबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 6 अक्टूबर को जबलपुर प्रस्तावित प्रवास को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत और अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित संबंधित अधिकारी पीएमश्री कॉलेज महाकौशल में तैयारियों का जायजा लिया.

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किया जाये. कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाकौशल कॉलेज प्रांगण में बने अतिरिक्त कॉलेज भवन का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है.

**तैयारी ▸ बूथ एजेंट की नियुक्ति के लिए मांगे सभी से नाम**

# घर घर जाकर मतदाता सूची की जांच करेगी कांग्रेस

**इंदौर, 4 अक्टूबर. कांग्रेस अब शहर में मतदाता सूची की घर-घर जाकर जांच करेगी. इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों से बूथ लेवल प्रभारी की नियुक्ति के नाम मांगे हैं. इसके बाद निर्वाचन अधिकारी को सूची भेजकर आगे की कारवाई की जाएगी.**

कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में सभी विधानसभा क्षेत्र के नेताओं के साथ शहर अध्यक्ष मतदाता सूची परीक्षण को लेकर बैठक की. बैठक में शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि मतदाता सूची का घर-घर जाकर गंभीरता के साथ परीक्षण करना है. हम जब



चुनाव लड़ते हैं ,तब मतदाता सूची की गड़बड़ी हमारे सामने आती है.

बेहतर परिणाम लाने के लिए मतदाता सूची को सही तरीके से जांच करना आवश्यक है. खासकर ऐसे लोग जिनका निधन हो गया और उनके नाम मतदाता सूची में मौजूद है . ऐसे नाम को हटाने के लिए चिन्हित करना होगा .

ऐसी तरह से ऐसे मतदाता जिन्होंने अपना मकान बदल लिया है या खाली करके चले जिद है, उनके नाम मतदाता सूची में है तो ऐसे लोगों के नाम भी हटाने की पहल प्रशासन से करना जरूरी है . बैठक में हर विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल पर मतदाता सूची परीक्षण की टीम गठित करने हेतु सभी नेताओं से नाम मांगे हैं . नाम प्राप्त होते ही उक्त नाम की सूची निर्वाचन कार्यालय में देंगे . बैठक में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि हमें मतदाता सूची परीक्षण कार्य को बहुत ज्यादा गंभीरता से लेना होगा . संगठन सृजन अभियान के तहत जो मैदानी लोग संगठन की कमान संभाल रहे हैं, उन्हें आदर्श तरीके से मतदाता सूची की जांच करना होगी . जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि मतदाता सूची में जो फर्जीवाड़ा किया जाता है ,उससे ही भाजपा को चुनाव जीतने में मदद मिलती है . उक्त फर्जीवाड़े को पकड़ कर उजागर करना होगा . बैठक में राजेश चौकसे, पिंटू जोशी, अमन बजाज, रवि गुरनानी, दिलीप कौशल, राजू भदौरिया, विनय बाकलीवाल, गिरधर नागर, सोनीला मिमरोट, रीता डागरे, सेफू वर्मा, सीमा सोलंकी, नकुल पटौदी, धर्मेंद्र बाजपेयी, रफीक ख़ान , अनवर दस्तक , सादिक ख़ान सहित कई नेता उपस्थित थे .

# बीजेपी सरकार के खिलाफ कराएंगे हस्ताक्षर

**▸ कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान**

**भिंड, 4 अक्टूबर. कांग्रेस पार्टी ने भिंड शहर में बीजेपी सरकार के खिलाफ आंदोलन की पूरी रणनीति तैयार कर ली है. पार्टी अब वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत शहर के हर वार्ड में पहुंचकर जनसंपर्क करेगी.**

इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला स्तरीय समिति और सभी 39 वार्डों के प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं. नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के दौरान कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से हस्ताक्षर कराएंगे और केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जनमत



तैयार करेंगे. जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया इस अभियान की कमान संभालेंगे.अभियान की जिला स्तरीय समिति में धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, डॉ. राधेश्याम शर्मा, रामप्रकाश यादव, रामहर्ष सिंह कुशवाह, मानसिंह कुशवाहा, पान सिंह सुमन, बाबूजी अरविंद बघेल, रेखा भदौरिया, संदीप मिश्रा, प्रमोद जैन डब्बू, संतोष त्रिपाठी और हलीम पठान शामिल हैं. शहर के 39 वार्डों में अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जो क्रमश: वार्ड वार घर-घर जाकर अभियान को गति देंगे.